क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 28.05.2025 समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वर्ष 2025 के लिए 69 प्रतिष्ठित हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए। उत्तराखंड से तीन हस्तियों को पद्मश्री से किया गया सम्मानित।
- मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को 10 वर्षीय विकास लक्ष्य तय करने और एक स्थान को वैश्विक मानकों के अनुसार विकसित करने के निर्देश दिए।
- राज्य आबकारी विभाग ने कहा– उत्तराखण्ड में धार्मिक अवधारणाओं से जुड़े नामों वाले किसी भी शराब ब्राण्ड को निर्माण और बिक्री की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय मुख्य आयोजन चमोली जिले के भराड़ीसैंण विधानसभा परिसर में किया जाएगा।

**अलंकरण समारोह**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह के दौरान वर्ष 2025 के लिए 69 प्रतिष्ठित हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए। इनमें तीन को पद्म विभूषण, नौ को पद्म भूषण और 57 को पद्म श्री से सम्मानित किया गया। उत्तराखंड से तीन व्यक्तियों को पद्म श्री सम्मान मिला। राधा भट्ट को सामाजिक कार्य के लिए, जबकि ह्यूग गैंट्ज़र और कोलीन गैंट्ज़र को मरणोपरांत साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन सम्मानों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे उत्तराखंड के लिए गौरव की बात बताया।

**विकसित भारत 2047**

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में कल सचिवालय में सचिव समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी जिलाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए जिलों, गांवों और शहरों के विकास की रणनीति पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने सभी जिलों से अगले 10 वर्षों के लिए लक्ष्य तय करने और एक स्थान को वैश्विक मानकों के अनुसार विकसित करने की योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और निर्यात बढ़ाने के लिए उद्योग विभाग को योजना बनाने को कहा। बैठक में तकनीकी विकास पर बल देते हुए ईवी सेक्टर, नई तकनीकों के प्रशिक्षण, और योजनाओं में तकनीक के अधिकतम उपयोग पर चर्चा की गई। उन्होंने वैदिक गणित को बढ़ावा देने और पांडुलिपियों के डिजिटाइजेशन व संरक्षण के निर्देश दिए। साथ ही सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से राज्य में स्टेट कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम गठित करने की बात भी कही। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों से अपने–अपने जिलों के दीर्घकालिक और पुराने मुद्दों को चिन्हित कर संबंधित विभागों को भेजने को कहा ताकि उनका उच्च स्तर पर निस्तारण किया जा सके।

**नुकसान/मुआवजा**

प्रदेश में हाल ही में हुई अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से अब तक 5 हजार 236 हेक्टेयर कृषि भूमि पर खड़ी फसलें प्रभावित हुई हैं। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इस क्षति से प्रभावित हुए किसानों को तय मानकों के अनुसार जल्द मुआवजा दिया जाएगा। कृषि और उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में श्री जोशी ने निर्देश दिए कि नुकसान की निगरानी कर हर दिन की रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। साथ ही केंद्र सरकार के मानकों के अनुसार शीघ्र कार्रवाई कर किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। उधर, सोमवार रात को हुई तेज बारिश के बाद नई टिहरी की वाल्मीकि बस्ती में जलभराव हो गया। स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पांच परिवारों को मोलधार बारात घर स्थित राहत शिविर में शिफ्ट किया। राहत केंद्र में 29 प्रभावित परिवारों को स्थानीय पटवारी द्वारा अहेतुक सहायता और राशन किट वितरित की गई।

## पीएमश्री स्कूल चयन

उधमसिंह नगर जिले के चार राजकीय बालिका इंटर कॉलेज को पीएम स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया (पीएमश्री) योजना में शामिल किया गया है। इन स्कूलों को स्मार्ट क्लास और बेहतर बुनियादी सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इसके लिए समग्र शिक्षा उत्तराखंड के अपर राज्य परियोजना निदेशक ने सभी जिलों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया है। पीएमश्री योजना वित्त वर्ष 2022–23 में शुरू हुई थी। पहले वर्ष जिले के 18 स्कूल शामिल किए गए थे, दूसरे वर्ष 10 और इस वर्ष उत्तराखंड के 15 स्कूलों का चयन किया गया है।

## दल रवाना

कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा संचालित आदि कैलाश यात्रा का चौथा दल, पिथौरागढ के पर्यटक आवास गृह से धारचूला के लिए रवाना हुआ। रवाना होने से पहले यात्रियों ने शहीद स्मारक पर शहीदों के नाम एक–एक दीप जलाया और हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ ली। निगम की ओर से यात्रियों को गुंजी में बन रहे 'यादों के जंगल' में पौधरोपण के लिए पौधे भी दिए गए। उधर, आदि कैलाश के दर्शन कर लौटे तीसरे दल का डीडीहाट में स्वागत किया गया।

## तिथि बढोतरी

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड– सीबीडीटी ने इस साल आयकर रिटर्न–आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी है। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि इस विस्तार से आईटीआर फॉर्म में महत्वपूर्ण संशोधन, सिस्टम डेवलपमेंट की जरूरतों और टीडीएस क्रेडिट रिफ्लेक्शन के कारण लोगों को अधिक समय मिलेगा।

## अफवाह खंडन

आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि उत्तराखण्ड में त्रिकाल नाम से किसी भी शराब ब्राण्ड को न तो निर्माण की अनुमति दी गई है, न ही उसके पंजीकरण या बिक्री की स्वीकृति दी गई है। यह जानकारी देते हुए आबकारी आयुक्त हरिचन्द्र सेमवाल ने बताया कि त्रिकाल नामक शराब ब्राण्ड को अन्य राज्यों में लॉन्च किया है, लेकिन इसे उत्तराखण्ड से जोड़ते हुए सोशल मीडिया पर झूठी और भ्रामक खबरें फैलाई जा रही हैं। विभाग ने स्पष्ट किया कि इस तरह की खबरें न सिर्फ गलत हैं, बल्कि प्रदेश की धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली भी हैं। आबकारी विभाग ने कहा कि उत्तराखण्ड में देवी–देवताओं या धार्मिक अवधारणाओं से जुड़े नामों वाले किसी भी शराब ब्राण्ड को अनुमति नहीं दी जाएगी। विभाग ने "त्रिकाल" या उससे मिलते–जुलते नामों वाली किसी भी शराब के निर्माण और बिक्री की अनुमति को नकारते हुए भविष्य में भी ऐसी किसी स्वीकृति से इनकार किया है। विभाग ने सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही झूठी सूचनाओं को बदनाम करने की साजिश बताया और कहा कि इसके खिलाफ साइबर अपराध के अंतर्गत एफआईआर दर्ज करवाई जा रही है। उत्तराखण्ड आबकारी विभाग ने जनता से अपील की है कि वे इस तरह की अफवाहों पर विश्वास न करें और ऐसी खबरों की सूचना तुरंत विभाग या प्रशासन को दें ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

## अंतर्राश्ट्रीय योग दिवस

आगामी 21 जून को आयोजित होने जा रहे 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय मुख्य आयोजन इस बार चमोली जिले के भराड़ीसैंण विधानसभा परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और 10 देशों के राजदूत शामिल होंगे। निदेशक आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवाएं, डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि आयोजन में एक हजार से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन की तैयारियां व्यापक स्तर पर शुरू कर दी गई हैं। प्रदेशभर में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा। योग को वैश्विक मंच तक पहुंचाने के लिए हर साल 21 जून को यह दिवस मनाया जाता है।

**बहुउद्देशीय शिविर**

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर मैनुअल स्कैवेंजर्स, सफाई कर्मियों और उनके आश्रितों के लिए चुक्खूवाला स्थित वाल्मीकि बस्ती में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान 120 सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जबकि 21 आयुष्मान कार्ड, 8 आधार कार्ड और 13 राशन कार्ड बनाए गए। साथ ही दो बालिकाओं को महालक्ष्मी किट वितरित की गई और 80 ऋण आवेदन पत्र भरे गए। शिविर की अध्यक्षता, उत्तराखंड राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष भगवत सिंह मकवाना ने की। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित वर्ग तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में ऐसे शिविर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि राज्य में पहली बार वाल्मीकि बस्तियों में इस तरह का बहुउद्देशीय शिविर लगाया गया है। इसमें पेंशन, छात्रवृत्ति, शादी अनुदान और स्वच्छकार योजना से संबंधित जानकारी और लाभ प्रदान किए गए।

स्वास्थ्य विभाग ने शिविर में आए सफाई कर्मियों और उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं। अगले शिविर 31 मई को इंद्रेश नगर स्थित वाल्मीकि धर्मशाला और तीन जून को ऋषिकेश की वाल्मीकि बस्ती में लगाया जाएगा।

**प्रशिक्षण शिविर**

पिथौरागढ़ जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय मरसोली भाट में 80वीं उत्तराखंड एनसीसी वाहिनी का 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू हो गया है। शुभारंभ पर कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल बीएस तड़ागी ने कहा कि एनसीसी अनुशासित जीवन का मंच है, जहां कैडेट्स अपनी प्रतिभा निखार सकते हैं।
एनसीसी अधिकारी और कैंप एडजुटेंट बीआर कोहली ने बताया कि शिविर में कैडेट्स को पीटी परेड, योग, ड्रिल, मानचित्र अध्ययन, हथियार संचालन, फील्ड और बैटल क्राफ्ट, स्वास्थ्य–सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन और फायरिंग का सैद्धांतिक व व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर..**

चीन और पाकिस्तान की बढ़ती चुनौतियों के बीच अब भारत खुद पांचवीं पीढ़ी के लडाकू विमान बनायेगा। इस ख़बर को लगभग सभी समाचार पत्रों ने पहले पृष्ठ पर प्रकाशित किया है। देश में ही बनेंगे पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान–इस शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान समाचार पत्र खबर में लिखता है– मध्यम वजन वाले उन्नत लड़ाकू विमान का निर्माण भी देश में ही होगा।
इसी ख़बर पर अमर उजाला लिखता है– सात हजार किलो ग्राम विस्फोटक लेकर उड़ सकेगा, दुश्मन के रडार को देगा चकमा।
विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी जिलों को अगले 10 सालों का ब्लू प्रिंट तैयार करने के मुख्य सचिव के निर्देश को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया है। अमर उजाला मुख्य सचिव के हवाले से लिखता है– विकसित गांव, शहर और जिले के लिए बनेगा प्लान।